Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding completion of work related to trauma centre at Jashpur in Raigarh Parliamentary Constituency of Chhattisgarh.

श्रीमती गोमती साय (रायगढ़) : आदरणीय अध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं रायगढ़ (छत्तीसगढ़) लोक सभा संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हूं । मेरे क्षेत्र के जशपुर जिले में एक ट्रामा सेंटर की तत्काल आवश्यकता है । इसके पहले पूर्व माननीय सांसद स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव जी के प्रयासों से जशपुर में ट्रामा सेंटर को मंजूरी मिली थी, लेकिन उसे दूसरे शहर में स्थापित किया गया है । ऐसे में जिले में घटित हुई दुर्घटनाओं की वजह से मरीजों को रांची रेफर करना डॉक्टरों की मजबूरी बन गई है । कई बार मरीजों की जानें तक चली जाती हैं । वहां पर संसाधनों की कमी के कारण अभी तक आपरेशन भी नहीं हो पा रहे हैं । इस स्थिति के चलते जशपुर जिले के लोगों को आये दिन विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है ।

मैं आदरणीय स्वास्थ्य मंत्री जी से यह निवेदन करना चाहती हूं कि मेरे जशपुर जिले में जल्दी से जल्दी एक ट्रामा सेंटर की स्थापना करवाई जाए, ताकि वहां के मरीजों को सहूलियत मिल सके । मैं इसके साथ ही साथ एक और निवेदन करना चाहती हूं कि एक आपातकाल यूनिट या सेंटर रायगढ़ में भी शुरू किया जाए ।